-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 08.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना मरका पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया गया पर्दाफाश । गिरोह के 02 चोरों को अवैध तमंचा के साथ किया गया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 05 मोटरसाइकिलें व अवैध तमंचा, कारतूस बरामद ।**
- **अभियुक्तों द्वारा बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर और आस-पास के जनपदों में स्कूल, अस्पताल, मुख्य बाजार तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को दिया जाता था अंजाम । मोटरसाइकिलों की नम्बर प्लेट बदलकर करते थे उसकी बिक्री ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरी, लूट जैसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना मरका पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 07/08.10.2024 की रात्रि को थाना मरका पुलिस द्वारा मरका नहर पुलिया के पास चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान ग्राम साड़ा की तरफ से मोटरसाइकिल पर आ रहे 02 व्यक्ति पुलिस को देखकर अचानक भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा व्यक्तियों को संदिग्ध मानकर तत्परतापूर्वक पकड़ लिया गया तथा अभियुक्तों की तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ । पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गई और मोटरसाइकिल का वैध प्रपत्र मांगा गया तो ज्ञात हुआ कि मोटरसाइकिल चोरी की है । दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ कि गई तो उन्होने बताया कि इस मोटरसाइकिल (UP71AZ4396) को थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम पछौहा से पिछले महिने चोरी किया था । अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उन्होने अब तक बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर और आस-पास के जनपदों से कई मोटरसाइकिलें चोरी की हैं जिसे वे नम्बर प्लेट बदलकर तथा चेचिस नम्बर खुरच कर बेच देते हैं अभी भी उनके पास चोरी की 04 अन्य मोटरसाइकिलें इंगुवारी गांव के बाहर बेडहा बाबा मन्दिर के पास झाड़ियों में रखी हैं । अभियुक्तों की निशादेही पर बताए गए स्थान से 04 अन्य मोटरसाइकिलें बरामद की गई । अभियुक्तों द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिलों के नम्बर प्लेट या तो हटाकर या बदलकर बेंच दिया जाता था ।

बरामदगी-

- विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 05 मोटरसाइकिलें
- 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर
- 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रोहित विश्वकर्मा पुत्र रामू विश्वकर्मा निवासी इंगुवा थाना मरका जनपद बांदा ।
2. अंकित शर्मा पुत्र रामसनेही शर्मा निवासी पिरखिनी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट ।

पंजीकृत अभियोग -

- मु0अ0स0 133/24 धारा 317(2)/317(4)/317(5) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मरका जनपद बांदा

आपराधिक इतिहास अभियुक्त रोहित विश्वकर्मा उपरोक्त -

1. मु0अ0स0 54/15 धारा 379/411 भादवि थाना मरका जनपद बांदा
2. मु0अ0स0 11/17 धारा 110जी सीआरपीसी थाना मरका जनपद बांदा
3. मु0अ0स0 01/18 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मरका जनपद बांदा
4. मु0अ0स0 69/18 धारा 60 आब0अधि0 थाना मरका जनपद बांदा
5. मु0अ0स0 56/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मरका जनपद बांदा
6. मु0अ0स0 25/20 धारा 379/411/413/420 भादवि थाना मरका जनपद बांदा
7. मु0अ0स0 13/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कमासिन जनपद बांदा
8. मु0अ0स0 100/20 धारा 379 भादवि थाना कमासिन जनपद बांदा
9. मु0अ0स0 112/20 धारा 380 भादवि थाना कमासिन जनपद बांदा
10. मु0अ0स0 117/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कमासिन जनपद बांदा
11. मु0अ0स0 114/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मरका जनपद बांदा

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 थाना मरका श्री ऋषिदेव सिंह
2. उ0नि0 श्री अनुराग पाण्डेय
3. उ0नि0 श्री आशाराम यादव
4. कां0 नकुल राय
5. कां0 जितेन्द्र पाण्डेय
6. कां0 हृदेश सैनी